सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

भारतीय सर्वेक्षण विभाग
SURVEY OF INDIA

Save Paper.
Save Trees.
Save the World.

टेलीफैक्स : +91-135-2744064, 2743331
Telefax : +91-135-2744064, 2743331
वेबसाइट
Website : www.surveyofindia.gov.in
ई-मेल :
E-Mail : sgo.hindi.soi@gov.in

महासर्वेक्षक का कार्यालय
SURVEYOR GENERAL'S OFFICE
डाक बक्स सं० 37, POST BOX No.37,
देहरादून-248001 (उत्तराखण्ड)-भारत।
DEHRA DUN-248001 (Uttarakhand), INDIA

सं० हि०- 4998 /1445(रा.भा.का.स.)

दिनांक : 31 अगस्त, 2022

सेवा में

सहायक महासर्वेक्षक/ प्रभारी अधिकारी फोटो लाइब्रेरी एवं परियोजना अधिकारी, डाटा अर्जन (डी०ए०)/ उप निदेशक (तकनीकी सचिव)/ प्रभारी अधिकारी कार्य अध्ययन एकक एवं जे०सी०एम० /उप भण्डार अधिकारी/स्था० एवं लेखा अधि० (प्रशा०)/स्था० एवं लेखा अधि० (बजट)/स्था० एवं लेखा अधिकारी (गोपनीय)/ सहायक भंडार अधिकारी/प्रभारी जी०आई०एस० टेक्नोलॉजी सेंटर (म०स०का०) ।

विषय : महासर्वेक्षक कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त ।

संदर्भ : महासर्वेक्षक कार्यालय का दिनांक 23 अगस्त, 2022 का पत्र सं० हि०-4842/1445 (रा०भा०का०स०)।

महासर्वेक्षक कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 23 अगस्त, 2022 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की प्रति आपको सूचना एवं आवश्यक अनुवर्ती कार्रवाई के लिए भेजी जाती है ।

अनुलग्नक – यथोपरि ।

31/08/2022

(प्रशांत कुमार)
उप महासर्वेक्षक
कृते भारत के महासर्वेक्षक ।

प्रतिलिपि, बैठक के कार्यवृत्त की प्रति सहित निम्नलिखित को प्रेषित :-

1. सचिव, भारत सरकार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, टेक्नोलॉजी भवन, नया महरौली मार्ग, नई दिल्ली – 110016 ।
2. उप निदेशक (कार्यान्वयन), भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (उत्तर), 302 सी०जी०ओ० भवन, कमला नेहरू नगर, गाजियाबाद ।
3. अपर महासर्वेक्षक (तकनीकी)/निदेशक (प्रशासन एवं वित्त)/उप महासर्वेक्षक (प्रशासन)/उप महासर्वेक्षक (मानव संसाधन)/ उप महासर्वेक्षक (तकनीकी)/ उप महासर्वेक्षक (सतर्कता)/उप महासर्वेक्षक कार्य अध्यन एंकक/ उप महासर्वेक्षक, सीमा सत्यापन विंग (म.स.का०)
4. महासर्वेक्षक कार्यालय के सभी परियोजना अधिकारियों को समरूप कार्रवाई के लिए प्रेषित ।
5. कार्यालय अधीक्षक स्था०1/ स्था०2/ स्था०3/ बजट/ विधिक/ स्था० प्रशा० एवं वेतन/ सतर्कता/ गोपनीय/ विनियम, अनुभागों को समरूप कार्रवाई के लिए प्रेषित ।
6. प्रभारी, तकनीकी अनुभाग/ जे०सी०एम० एवं का०अ०ए०/ आर०टी०आई०/भंडार शाखा/ जी०आई०एस० टैक्नोलॉजी सेंटर/ सीमा सत्यापन विंग को उपरोक्त समरूप कार्रवाई के लिए प्रेषित ।

**महासर्वेक्षक कार्यालय, भारतीय सर्वेक्षण विभाग, देहरादून की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 23.08.2022 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त ।**

महासर्वेक्षक कार्यालय, भारतीय सर्वेक्षण विभाग, देहरादून की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक दिनांक 23.08.2022 को 12:30 बजे अपराह्न श्री सुनील कुमार, भारत के महासर्वेक्षक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों/अनुभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया :-

1. ब्रिगेडियर बी० सरीन चंदर, अपर महासर्वेक्षक
2. डॉ० यू०एन० मिश्र, उप महासर्वेक्षक
3. श्री प्रशांत कुमार, उप महासर्वेक्षक
4. श्री नितिन जोशी, उप महासर्वेक्षक
5. श्री प्रदीप सिंह, उप महासर्वेक्षक
6. श्री शूरवीर सिंह चौहान, निदेशक (प्रशा० एवं वित्त)
7. श्री मोहन राम, अधीक्षक सर्वेक्षक
8. श्री उपकार पाठक, अधीक्षक सर्वेक्षक, प्रभारी (राजभाषा)
9. श्री मिसाल रोशन श्रीवास्तव, अधीक्षक सर्वेक्षक
10. श्री हरीश मित्तर, अधिकारी सर्वेक्षक
11. श्री हर्ष प्रिय उनियाल, सहायक भण्डार अधिकारी
12. श्रीमती शालिनी नागी, स्थापना एवं लेखाधिकारी
13. श्री आनंद प्रकाश, स्थापना एवं लेखा अधिकारी
14. श्री अजय कुमार, कार्यालय अधीक्षक, स्थानीय प्रशासन एवं वेतन अनुभाग
15. श्रीमती विभा शर्मा, कार्यालय अधीक्षक, स्थापना-2, अनुभाग
16. श्री नरेश कुमार, कार्यालय अधीक्षक, बजट अनुभाग
17. श्री राकेश कुमार, कार्यालय अधीक्षक, विनियम अनुभाग
18. श्री पवन कुमार, कार्यालय अधीक्षक, विनियम अनुभाग
19. श्री रणजीत सिंह, सहायक, स्थापना-1, अनुभाग
20. श्री सुनील कुमार सिंह, सहायक, गोपनीय अनुभाग
21. श्रीमती प्रेमवती राणा, सहायक, विधिक अनुभाग
22. श्री सुरेन्द्र सिंह असवाल, सहायक, जे०सी०एम० एवं कार्य अध्ययन एकक
23. श्री आशुतोष कुमार, प्रवर श्रेणी लिपिक, स्थापना-3 अनुभाग
24. श्रीमती सरोज बलूनी, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, हिंदी अनुभाग
25. श्री शान्ति प्रकाश, पेंटर, हिंदी अनुभाग

बैठक की शुरुआत अध्यक्ष महोदय के स्वागत सम्बोधन से हुई । उप महासर्वेक्षक द्वारा अध्यक्ष महोदय से बैठक आरंभ करने की अनुमति के उपरांत प्रभारी (राजभाषा) द्वारा बैठक का संचालन किया गया तथा कार्यसूची की निम्नलिखित मदों पर विचार-विमर्श किया गया ।

**<u>मद सं० 1 – समिति की दिनांक 14.06.2022 को हुई बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि : -</u>**

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 14.06.2022 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त दिनांक 24-06-2022 के पत्र सं० हि०-3624/1445(रा०भा०का०स०) के अंतर्गत सभी अनुभागों को अनुवर्ती कार्रवाई हेतु भेज दिया गया था ।

**<u>मद सं० 2 –समिति की पिछली बैठक की सिफारिशों पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई की रिपोर्ट:-</u>**

1) <u>कार्यालय में समय-समय पर हिन्दी कार्यशालाओं का आयोजन</u> :-

समिति को सूचित किया गया कि महासर्वेक्षक कार्यालय में 28 जुलाई, 2022 को हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला में श्री महिमानंद भट्ट (सेवानिवृत्त) केन्द्रीय भंडारण निगम ने ' राजभाषा हिन्दी में काम करने की अभिप्रेरणा ' विषय पर अपना व्याख्यान दिया । कार्यशाला में कार्यालय के 30 कार्मिकों ने भाग लिया । अध्यक्ष महोदय ने कहा कि कार्यालय में समय-समय पर हिन्दी कार्यशालाओं के आयोजन के अतिरिक्त मनोरंजन कार्यक्रम एवं स्पर्धाएं भी की जानी चाहिए ।

2) <u>अनुभागों से हिन्दी की रूचिकर पुस्तकों के नाम मंगवाकर खरीद की जाए</u> :-

प्रभारी राजभाषा ने कहा कि हिन्दी की रूचिकर पुस्तकें मंगवाने के संबंध में सभी अनुभागों को दिनांक 18.07.2022 को पत्र भेजा गया । अनुभागों से पुस्तकों की सूची प्राप्त होने के पश्चात् इस तिमाही के अंत तक खरीद के लिए पुस्तकालय को भेज दी जाएगी ।

3) <u>सर्वेक्षण दर्पण अंक-19 के लिए लेख/रचनाएं</u> :-

प्रभारी राजभाषा ने समिति को जानकारी दी कि कार्यालय की हिन्दी पत्रिका सर्वेक्षण दर्पण के अंक-19 के लिए पर्याप्त लेख/रचनाएं प्राप्त हुई हैं । पत्रिका के प्रकाशन संबंधी कार्य किया जा रहा है एवं हिन्दी समारोह के अवसर पर पत्रिका का विमोचन किया जाएगा । उप महासर्वेक्षक एवं हिन्दी संपर्क अधिकारी ने कहा कि इस वर्ष पत्रिका का ऑफ लाइन विमोचन किया जाना है अत: पत्रिका के प्रकाशन संबंधी कार्य मुद्रण क्षेत्र, नई दिल्ली अथवा बाजार से किया जाएगा ।

**<u>मद सं० 3 – महासर्वेक्षक कार्यालय की 30-06-2022 को समाप्त अवधि की हिन्दी के प्रयोग संबंधी तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा तथा राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के लिए वर्ष 2022-2023 के वार्षिक कार्यक्रम में दिए गए लक्ष्यों की प्राप्ति पर विचार-विमर्श</u>** :-

महासर्वेक्षक कार्यालय में 31.03.2022 और 30.06.2022 को समाप्त तिमाही के दौरान क,ख,ग क्षेत्र के साथ किए गए हिंदी पत्राचार का तुलनात्मक विवरण एवं समग्र पत्राचार का प्रतिशत निम्नवत् रहा:

# कार्यालय के विभिन्न अनुभागों में हिंदी पत्राचार का तुलनात्मक विवरण

| | 31.03.2022 | 30.06.2022 | 31.03.2022 | 30.06.2022 |
|---|---|---|---|---|
| | 'क', 'ख' क्षेत्रों को भेजे गए पत्र<br><br>लक्ष्य 100% | 'क', 'ख' क्षेत्रों को भेजे गए पत्र<br><br>लक्ष्य 100% | 'ग' क्षेत्र के केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों को भेजे गए पत्र<br><br>लक्ष्य 65% | 'ग' क्षेत्र के केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों को भेजे गए पत्र<br><br>लक्ष्य 65% |
| | प्रतिशत | प्रतिशत | प्रतिशत | प्रतिशत |
| स्था० प्रशा० एवं वे० | 99.2% | 99.2% | - | - |
| स्थापना-1 | 98.1% | 100% | 100% | - |
| स्थापना-2 | 100% | 100% | 98.5% | 100% |
| स्थापना-3 | 100% | 100% | 100% | 100% |
| बजट | 93.7% | 91% | 74% | 73.3% |
| विनियम | 100% | 100% | 100% | 100% |
| तकनीकी | 88.5% | 95.3% | 75.8% | 93% |
| गोपनीय | 95.1% | 97.9% | 80.6% | 91.3% |
| जे०सी०एम०एवं का०अ०ए० | 94.9% | 95.2% | 100% | 100% |
| विधिक सैल | 90% | 90.3% | 84.6% | 84.7% |
| हिंदी अनुभाग | 100% | 100% | 100% | 100% |
| भंडार अनुभाग | 100% | 100% | - | - |
| आर०टी०आई० | 94.8% | 83.7% | 66.6% | 100% |
| भंडार कार्यालय | 100% | 100% | 100% | - |

<u>समग्र पत्राचार</u>

| | पिछली तिमाही में | इस तिमाही में | लक्ष्य |
|---|---|---|---|
| 'क' क्षेत्र में | 97.4% | 97.3% | 100% |
| 'ख' क्षेत्र में | 94% | 97.9% | 100% |
| 'ग' क्षेत्र में | 90.9% | 95.3% | 65% |

अध्यक्ष महोदय ने कहा कि तिमाही के दौरान जिन अनुभागों के हिन्दी पत्राचार की प्रतिशतता में वृद्धि हुई है वे सभी बधाई के पात्र हैं तथा जिन दो अनुभागों में हिन्दी पत्राचार का प्रतिशत पिछली तिमाही की अपेक्षा कम हुआ है वे इसे बढ़ाने का प्रयास करें ।

राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के लिए वर्ष 2022-2023 के वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्य:-

वर्ष 2022-2023 के वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित मुख्य मदें इस प्रकार हैं ।

1) 'क', 'ख' क्षेत्रों को शतप्रतिशत पत्र राजभाषा हिंदी में भेजे जाएं ।

2) 'ग' क्षेत्र को 65% पत्र राजभाषा हिंदी में भेजे जाएं ।

3) हिंदी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिंदी में दिए जाएं ।

4) 75% टिप्पणियां हिंदी में लिखी जाएं ।

5) 50% हिंदी पुस्तकों की खरीद की जाएं ।

6) कंप्यूटर सहित सभी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की द्विभाषी रूप में खरीद की जाएं।

<u>मद सं० 4 – हिन्दी, हिन्दी टाइपिंग और हिन्दी आशुलिपि में अप्रशिक्षित कर्मचारियों को प्रशिक्षण के लिए नामित करना तथा प्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा अर्जित ज्ञान के उपयोग पर विचार</u> :-

1) महासर्वेक्षक कार्यालय के सभी अधिकारी तथा कर्मचारी हिंदी भाषा में प्रशिक्षित हैं । कार्यालय में तैनात सभी आशुलिपिक हिंदी आशुलिपि में प्रशिक्षित हैं ।

2) अगस्त, 2022 से प्रारम्भ होने वाले पत्राचार पाठ्यक्रम द्वारा हिन्दी शब्द संसाधन (हिन्दी टंकण) प्रशिक्षण के लिए कार्यालय के 10 कर्मचारियों के पंजीकरण कार्ड तथा पाठ्य सामग्री प्राप्त हो गई है तथा सामग्री सभी कार्मिकों को वितरित कर दी गई है । प्रशिक्षण सत्र की अवधि अगस्त, 2022 से 31 जनवरी, 2023 है ।

<u>मद सं० 5- अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषयों पर चर्चा ।</u>

श्री प्रशांत कुमार, उप महासर्वेक्षक ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों तथा अनुभाग प्रभारियों से हिन्दी पखवाड़ा 2022 के आयोजन के संबंध में सुझाव आमंत्रित किए । हिन्दी पखवाड़े के दौरान हिन्दी विषयक प्रतियोगिताओं के अतिरिक्त काव्य पाठ तथा लघु नाटिका के मंचन का सुझाव प्राप्त हुआ । उप महासर्वेक्षक ने कहा हिन्दी समारोह के दौरान कार्यालय स्तर पर हिन्दी काव्य पाठ का आयोजन किया जाता है इसे बड़े स्तर पर करने के संबंध में विचार विमर्श के पश्चात् निर्णय लिया जाएगा ।

बैठक के अंत में अध्यक्ष महोदय ने कहा कि हिन्दी पखवाड़े के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों तथा प्रतियोगिताओं में सभी कार्मिक बढ़ चढ़ कर भाग लें तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में अपने सुझाव तथा सहयोग अवश्य दें । उप महासर्वेक्षक ने अध्यक्ष महोदय तथा बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों का धन्यवाद किया ।

*****